सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल ने किया एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण

(मरू प्रहार)

अजमेर। सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल ने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने की खुशी में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पिछले सत्र में जो नीतियां निर्धारित करके उपलब्धियां हासिल की उन नीतियों से मिलती जुलती नीतियां फिर से स्थापित करने की घोषणा की। आयोजित कांफ्रेंस में स्कूल प्रिंसीपल जी के मिश्रा ने कहा कि बच्चों के सर्वागीण विकास के लक्ष्य प्राप्ति हेतु समय समय पर कई योजनाएं बनाई और उनका क्रियान्वयन भी पूर्ण रूप से किया, इसी ओर एक कदम आगे बढ़ाते हुए आने वाले सत्र के लिए भी विशेष नीतियां निर्धारित की गई है। स्पोर्ट्स क्षेत्र मे जो छात्र किसी मान्यता प्राप्त खेल में भाग लेकर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करता है तो उसे जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय , राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स मेरिट स्कॉलरशिप दी जाएगी । स्कुल के 39 बच्चों ने जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय ,राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर मेडल प्राप्त किए है।

प्रवेश प्रकिया में प्रथम 100 प्रवेश पर प्रवेश शुल्क और वार्षिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्कूल निदेशक राजा डी थारवानी ने स्कूल की ज्वाइंट सेकेट्री भूमिका थारवानी , प्रधानाचार्य जी के मिश्रा, एडमिन हेड देशबंधु दाधीच, मुख्य अकादमी सलाहकार सरला नायडू, ख्याति अरोड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल ने 1 वर्ष में तय की गई उपलब्धियों को हासिल किया है, और जो टार्गेट रखा वो क्रॉस हुआ है। स्कूल अपने लक्ष्य की ओर सतत कार्यरत है।

सतगुरु इंटरनेशनलः राज्य और जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर देंगे स्कॉलरशिप

अजमेर | शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आगामी सत्र से मैरिट स्कॉलरशिप मिलेगी। आगामी सत्र 2023- 2024

में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति के तहत अग्रणी कार्य करने जा रहा है। प्रेस वार्ता में सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने बताया कि विद्यालय अपने लक्ष्य की ओर सतत कार्यरत है और इस 1 वर्ष से तय की गई सभी उपलब्धियों को हासिल किया है। अजमेर वासियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय ने कई योजनाएं पारित की हैं, उनका क्रियान्वयन भी पूर्ण रूप से इसी लक्ष्य की प्राप्ति की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए आने

वाले नए सत्र के लिए कुछ विशेष नीतियां निर्धारित की गई है। खेल के लिए वर्ष 2023-2024 के लिए सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल छात्रों के समय कल्याण में खेलों का महत्व देने का निर्णय लिया है। विद्यालय में नए सत्र न्यायालय प्रवेश पर प्रथम 100 बच्चों को पूर्ण रूप से एडमिशन फीस और एनुअल फीस माफ की जा रही है। जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय के निदेशक राजा डी थारवानी ने कहा कि सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में खेल, साहित्य, कला व शैक्षणिक विकास की ओर सतत कार्य करेंगे।